
# पटना विश्वविद्यालय

# Patna University

Estd. 1917




## Patna University In News (02.11.2022)

### Patna University takes the plunge, seeksNIRF ranking for first time



PATNA: Even as the National Institutional Ranking Framework (NIRF) was launched in 2015 to rank higher education institutions in the country based on objective criteria to promote competitive excellence in the institutions, the 105-year-old Patna University (PU) has registered for participation in the ranking for the first time this year. PU clicked the registration button on the NIRF website on Tuesday for India Rankings 2023. The NIRF had invited applications for the 2023 rankings, the eighth edition of the annual exercise, on October 17 itself. The institutions which had participated in the previous India Rankings exercise have been pre- registered. A mail in this regard has already been sent to the heads of the respective institutions to confirm institution details for India Rankings 2023. PU had to get itself registered for it as it is seeking its national ranking for the first time. PU's internal quality assurance cell (IQAC) director Birendra Prasad said that for some reasons the university could not apply for NIRF ranking earlier. But, now that the things have improved considerably, PU thought of joining the race.

A number of institutions of the state, including the IIT-Patna, NIT-Patna, Chanakya National Law University, Chandragupt Institute of Management- Patna and Patna Women's College have already been participating in the NIRF ranking for the last several years with commendable results. The NIRF was approved by the Union ministry of human resource development (MHRD) on 29th September 2015. Depending on their areas of operation, institutions have been ranked under 11 different categories – overall, university, colleges, engineering, management, pharmacy, law, medical, architecture, dental and research. NIRF has introduced a new category, namely, agriculture and allied sectors this year. The NIRF uses several parameters for ranking purposes like resources, research, and stakeholder perception.

This framework outlines a methodology to rank institutions across the country. The methodology draws from the overall recommendations and broad understanding arrived at by a core committee set up by MHRD to identify the broad parameters for ranking the higher education institutions. The parameters have been organized into five broad heads or groups and each group has been divided into suitable subgroups. Each broad head has an overall weight assigned to it. Within each head, the sub-heads should also have appropriate weight distribution. The parameters broadly cover teaching, learning and resources; research and professional practices; graduation outcomes; outreach and inclusivity; and perception. A suitable metric has been proposed which computes a score under each sub-head. The sub-head scores are then added to obtain scores for each individual head. The overall score is computed based on the weights allotted to each head. The overall score can take a maximum value of 100.

# छात्र संघ चुनाव के साथ-साथ एडमिशन पढ़ाई और परीक्षाओं का होगा आयोजन

संवाददाता, पटना

पटना यूनिवर्सिटी ( पीयू ) व पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी (पीपीयू) समेत तमाम यूनिवर्सिटी व कॉलेज बुधवार को खुल जायेंगे. खुलने के साथ कक्षाएं प्रारंभ हो जायेंगी. पीयू में दो नवंबर को कॉलेज खुलेंगे और तीन नवंबर को मिड सेमेस्टर परीक्षा शुरू हो जायेगी, जो पांच नवंबर तक चलेगी. इसके अलावा भी कई परीक्षाएं हैं. इसलिए छुट्टी के बाद सिलेबस कंप्लीट कराने पर यूनिवर्सिटी का पूरा जोर रहेगा.

**छात्र संघ चुनाव में कक्षाएं बाधित नहीं :** 19 नवंबर को छात्र संघ चुनाव होना है. पीयू कुलपति प्रो गिरीश कुमार चौधरी ने कहा कि छात्र संघ चुनाव के दौरान ही पीयू में कक्षाएं, परीक्षाएं साथ-साथ चलेंगी. चुनाव के कारण कक्षाएं डिस्टर्ब नहीं होंगी. वहीं पीयू में वोकेशनल कोर्स में एडमिशन भी होगा. इसलिए एडमिशन के पहले चुनाव होगा. ज्यादा विलंब होने पर चुनाव नहीं हो पायेगा.

**धर्मनिरपेक्ष छात्र संगठनों से एक होने की अपील :** एआइएसएफ की ओर से मंगलवार को लीडरशिप बैठक हुई. पटना जिला प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार ने कहा कि चुनाव में पार्टी सभी पदों पर उम्मीदवार को उतारेगी. धर्मनिरपेक्ष छात्र संगठनों से अपील है कि एक साथ होकर चुनावी मैदान में उतरें.

## वोटर लिस्ट में कई विद्यार्थियों का नहीं जुड़ा नाम


**पटना.** 19 नवंबर को होने वाले छात्रसंघ चुनाव के लिए फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी गयी है. लेकिन विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों का नाम फाइनल वोटर लिस्ट में नहीं जोड़ा गया है. कॉलेज के विद्यार्थियों ने बताया कि अधिकतर पार्ट टू के छात्रों का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है. विभिन्न छात्र संगठनों ने भी कहा कि वोटर लिस्ट में विद्यार्थियों का नाम जोड़ने को लेकर यूनिवर्सिटी प्रशासन से अपील करेंगे. कई छात्रों के नाम और सेशन में गलतियां हैं.

## लेना होगा नो एकेडमिक एरियर प्रमाणपत्र

**पटना.** पटना विवि छात्र संघ चुनाव 19 नवंबर को है. छात्र संघ चुनाव लड़ने के लिए स्टूडेंट्स को नो एकेडमिक एरियर प्रमाणपत्र लेना होगा. स्टूडेंट्स को यह प्रमाणपत्र नामांकन से पहले उम्मीदवारों को परीक्षा विभाग से लेना होगा. परीक्षा विभाग नो एकेडमिक एरियर प्रमाणपत्र जारी करेगा. आवेदन पत्रों की बिक्री तीन नवंबर से शुरू हो जायेगी. पांच नवंबर तक आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं. व्हीलर सीनेट हाल से 10 रुपये में आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं.


PR No.- 9875 (Election)D. 2022-23

प्रभात खबर
Wed, 02 November 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/70739205




## Patna University In News (02.11.2022)

**दैनिक भास्कर**

**छात्रसंघ चुनाव** • छात्र प्रत्याशियों को लेकर कैंपस में पहले दिन से शुरू हो जाएगा जोड़-तोड़

# आज से चुनावी रंग में रंग जाएगा पीयू, कल से मिलने लगेंगे नॉमिनेशन फॉर्म

एजुकेशन रिपोर्टर | पटना



पटना विश्वविद्यालय बुधवार से चुनावी रंग में रंग जाएगा। कैंपस खुलते ही छात्र-छात्राएं चुनावी प्रक्रिया को लेकर अपनी तैयारी शुरू कर देंगे। गुरुवार से नॉमिनेशन फॉर्म मिलने लगेगा। साथ ही नो एकेडमिक एरियर का सर्टिफिकेट भी गुरुवार से परीक्षा नियंत्रक कार्यालय से इश्यू होने लगेगा। वो छात्र जो चुनाव लड़ना चाहते हैं, दस रुपए में स्टूडेंट्स एक्टिविटी सेंटर से फॉर्म खरीदेंगे और उसे लेकर परीक्षा नियंत्रक कार्यालय जाएंगे। वहां से उन्हें नो एकेडमिक एरियर का सर्टिफिकेट 9 नवंबर तक इश्यू किया जाएगा। नॉमिनेशन फॉर्म की फोटो कॉपी नहीं मान्य होगी। बुधवार से छात्रों का जनसंपर्क और चुनाव को लेकर प्रचार भी शुरू हो जाएगा। साथ ही छात्र प्रत्याशियों को अपने खेमे में खींचने के लिए जोड़-तोड़ भी शुरू हो जाएगा, क्योंकि चुनाव लड़ने के लिए अच्छे उम्मीदवारों की काफी कमी है।

### 7 से शुरू होगा नॉमिनेशन

पीयू में 7 नवंबर से नॉमिनेशन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नॉमिनेशन 10 नवंबर तक होगा। जिन छात्रों की 75% उपस्थिति होगी, वही फॉर्म भर सकते हैं। आपराधिक घटना में शामिल छात्र आवेदन नहीं कर सकते हैं। नॉमिनेशन व्हीलर सीनेट हॉल में सुबह 10 से दोपहर तीन बजे तक ही होगा। नॉमिनेशन को लेकर सभी जरूरी दस्तावेजों को छात्र-छात्राएं पहले से तैयार रखेंगे, अन्यथा अंतिम तिथि व समय के बाद किसी भी तरह के एक्सक्यूज पर विचार नहीं किया जाएगा। किसी तरह का नया बैनर पोस्टर लगाने की अनुमति नहीं है। ऐसा करने पर नॉमिनेशन रद्द होगा।

### 11 को जारी होगी कैंडिडेट की लिस्ट

छात्र संघ चुनाव के लिए जितने भी आवेदन आएंगे उनकी स्क्रूटिनी 11 नवंबर को होगी। कितने छात्र-छात्राएं चुनाव लड़ेंगे इसकी पूरी लिस्ट 11 नवंबर को जारी हो जाएगी। अगर किसी छात्र को कोई शिकायत होगी तो वे 12 नवंबर तक ग्रिवांस सेल में अपनी शिकायत रखेंगे। वे कुलपति के पास भी अपील कर सकते हैं। 14 नवंबर तक नाम वापसी और 19 नवंबर को चुनाव होंगे। 17 नवंबर को दोपहर में प्रेसिडेंशियल डिबेट होगा और इसी के साथ चुनाव के लिए प्रचार भी थम जाएगा। 18 को चुनाव की तैयारियों के लिए रखा गया है, इस दौरान प्रचार आदि नहीं होंगे। 19 नवंबर को सुबह आठ बजे से वोटिंग शुरू हो जाएगी। चार बजे से काउंटिंग और देर रात चुनाव का रिजल्ट भी आ जाएगा।

*चुनाव अपने निर्धारित समय पर होंगे। नॉमिनेशन पत्र तैयार हैं। 3 नवंबर से यह स्टूडेंट्स एक्टिविटी सेंटर पर छात्र उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध होगा। नॉमिनेशन फॉर्म पर नंबर होगा, उसकी फोटो कॉपी नहीं चलेगी।* - **प्रो. अनिल कुमार,** स्टूडेंट्स वेलफेयर डीन, पीयू

---

**दैनिक जागरण**

# उम्मीदवारों को लेना होगा नो एकेडमिक एरियर प्रमाण पत्र

जासं. पटना : पटना विश्वविद्यालय दीपावली और पूजा की छुट्टी के बाद बुधवार से खुल रहा है। खुलते ही छात्र संघ चुनाव की गहमा-गहमी शुरू हो जाएगी। छात्र संघ चुनाव के लिए नामिनेशन फार्म की बिक्री तीन नवंबर से प्रारंभ हो रही है। उम्मीदवार पांच नवंबर तक नामिनेशन फार्म प्राप्त कर सकते हैं। नामिनेशन से पहले उम्मीदवारों को परीक्षा विभाग से नो एकेडमिक एरियर प्रमाण पत्र लेना होगा। उम्मीदवार सात, नौ एवं 10 नवंबर की शाम तीन बजे तक सीनेट हाल में नामिनेशन फार्म जमा करा करेंगे। इसके बाद 11 नवंबर को 11 बजे से स्क्रूटनी होगी। उम्मीदवारों की सूची 11 नवंबर शाम पांच बजे जारी की जाएगी। 12 नवंबर शाम 3.30 बजे तक ग्रीवांस रिड्रेशन सेल की बैठक होगी। सेल से असंतुष्ट रहने पर उम्मीदवार कुलपति आफिस में 12 नवंबर की शाम छह बजे तक ही आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उम्मीदवारों की फाइनल सूची 14 नवंबर शाम छह से सात बजे के बीच जारी कर दी जाएगी।